# समास

1. निम्नलिखित में से कौन तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है?
   (a) राजकुमार (b) यज्ञवेदी
   (c) आजन्म (d) ग्रामवासी
2. 'गुरुदेव' शब्द में समास है :
   (a) अव्ययीभाव समास (b) तत्पुरुष समास
   (c) बहुव्रीहि समास (d) कर्मधारय समास
3. 'बारहसिंगा' शब्द में समास है –
   (a) बहुव्रीहि समास (b) कर्मधारय समास
   (c) द्वन्द्व समास (d) अव्ययीभाव समास
4. कर्मधारय समास का उदाहरण है –
   (a) गगनचुम्बी (b) पाठशाला
   (c) श्वेतपत्र (d) नीलकण्ठ
5. 'परमानन्द' में समास है :
   (a) द्वन्द्व समास (b) कर्मधारय समास
   (c) अव्ययीभाव समास (d) बहुव्रीहि समास
6. निम्नलिखित में से कौन–सा समास नहीं है?
   (a) अव्ययीभाव समास (b) कर्मकारक समास
   (c) द्वन्द्व समास (d) बहुव्रीहि समास
7. किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं?
   (a) बहुव्रीहि समास (b) तत्पुरुष समास
   (c) द्वन्द्व समास (d) द्विगु समास
8. किस समास में प्रथम पद संख्यावाची तथा अन्तिम पद संज्ञा हो, वह है :
   (a) द्वन्द्व समास (b) तत्पुरुष समास
   (c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास
9. 'महाजन' शब्द में समास है :
   (a) कर्मधारय समास (b) द्वन्द्व समास
   (c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास
10. जिसमें कोई पद प्रधान नहीं होता तथा अन्य अर्थ प्रधान होता है, वहाँ होता है :
    (a) कर्मधारय समास (b) अव्ययीभाव समास
    (c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास
11. 'जलमग्न' शब्द में समास होगा :
    (a) द्वन्द्व (b) अव्ययीभाव
    (c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय
12. 'बज्रपाणि' शब्द में कौन–सा समास है?
    (a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
    (c) द्वन्द्व (d) द्विगु
13. 'पंचवटी' शब्द में समास होगा :
    (a) बहुव्रीहि (b) कर्मधारय
    (c) द्वन्द्व (d) द्विगु
14. 'सुनीता के बच्चे घास–फूस की तरह बढ़ रहे हैं? उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'घास–फूस' शब्द में समास होगा :
    (a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व
    (c) द्विगु (d) अव्ययीभाव
15. निम्नलिखित शब्दों में से कौन–सा शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है?
    (a) शूलपाणि (b) यथाक्रम
    (c) हंसमुख (d) हथकड़ी
16. इनमें से कौन–सा शब्द 'द्विगु' समास है?
    (a) भुजदण्ड (b) माखनचोर
    (c) भला–बुरा (d) चतुर्भुज
17. 'प्रतिदिन' शब्द में समास होगा :
    (a) द्विगु (b) कर्मधारय
    (c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव
18. जिन समस्त पदों में पहला शब्द संख्यावाची हो और उससे समुदाय का बोध होता हो तो उसे कहते हैं –
    (a) द्विगु समास (b) द्वन्द्व समास
    (c) कर्मधारय समास (d) अव्ययीभाव समास
19. जिसमें पहला शब्द विशेषण हो और दूसरा शब्द विशेष्य तो उसे कौन–सा समास कहेंगे?
    (a) द्विगु (b) कर्मधारय
    (c) द्वन्द्व (d) तत्पुरुष
20. जिस समास में दूसरा शब्द प्रधान रहता है, उसे कहते हैं?
    (a) अव्ययीभाव समास (b) तत्पुरुष समास
    (c) द्वन्द्व समास (d) बहुव्रीहि समास
21. जिस समास में अर्थ की दृष्टि से उत्तर पद प्रधान और पूर्व पद गौण हो, उसे कहते हैं?
    (a) द्विगु समास (b) कर्मधारय समास
    (c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास
22. 'धनुर्बाण' में किस तरह का समास है –
    (a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
    (c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व
23. 'शोकाकुल' में समास है –
    (a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
    (c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव
24. 'पर्णकुटी' शब्द का समास है –
    (a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
    (c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि
25. 'सिंह द्वार' शब्द में समास है
    (a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
    (c) कर्मधारय (d) इनमें से कोई नहीं
26. यथोचितः
    (a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
    (c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव
27. सप्तर्षि :
    (a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
    (c) द्विगु (d) द्वन्द्व
28. 'नीलोत्पलम्' में कौन सा समास है –
    (a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
    (c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष
29. 'कतर–ब्योंत' में कौन सा समास है?
    (a) द्वन्द्व (b) द्विगु
    (c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि
30. 'तिरंगा' शब्द में समास है
    (a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास
    (c) द्विगु समास (d) कर्मधारय समास
31. 'परमानन्द' शब्द में कौन सा समास है?
    (a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
    (c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव
32. 'समास' का शाब्दिक अर्थ होता है –
    (a) संक्षेप (b) विस्तार
    (c) विग्रह (d) नवीन अर्थ
33. 'उपकूल' में कौन सा समास है?
    (a) द्वन्द्व (b) द्विगु
    (c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष
34. 'यथाशीघ्र' शब्द का समास बताइए।
    (a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व
    (c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष
35. 'निर्विवाद' में समास है –
    (a) कर्मधारय (b) अव्ययीभाव
    (c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

36. प्रतिमान
(a) कर्मधारय (b) अव्ययीभाव
(c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष
37. 'अनायास' में समास है –
(a) द्विगु (b) नञ
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय
38. हस्तलिखित
(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) द्वन्द्व
39. "सतसई" शब्द में समास का भेद बताइये?
(a) कर्मधारय (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) द्वन्द्व
40. 'देव जो मानव है' यह किस समास का उदाहरण है?
(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष

## ANSWER KEY Chk

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **1. (c)** | **2. (d)** | **3. (a)** | **4. (c)** | **5. (b)** |
| **6. (b)** | **7. (c)** | **8. (c)** | **9. (a)** | **10. (d)** |
| **11. (c)** | **12. (b)** | **13. (d)** | **14. (b)** | **15. (a)** |
| **16. (d)** | **17. (d)** | **18. (a)** | **19. (b)** | **20. (b)** |
| **21. (d)** | **22. (d)** | **23. (a)** | **24. (a)** | **25. (a)** |
| **26. (d)** | **27. (c)** | **28. (a)** | **29. (a)** | **30. (c)** |
| **31. (c)** | **32. (a)** | **33. (c)** | **34. (a)** | **35. (a)** |
| **36. (b)** | **37. (b)** | **38. (b)** | **39. (b)** | **40. (b)** |

final

EduBull.com